रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 828] नई दिल्ली, बुधवार, नवम्बर 30, 2016/अग्रहायण 9, 1938
No. 828] NEW DELHI, WEDNESDAY, NOVEMBER 30, 2016/AGRAHAYANA 9, 1938

कारपोरेट कार्य मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 30 नवम्बर, 2016

सा.का.नि. 1108(अ).— केन्द्रीय सरकार, दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 (2016 का 31) की धारा 7, धारा 8, धारा 9 और धारा 10 के साथ पठित धारा 239 की उपधारा (1) के खंड (ग), (घ), (ड.) और (च) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात्-

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.-** (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम दिवाला और शोधन अक्षमता (न्यायनिर्णायक प्राधिकारी को आवेदन) नियम, 2016 है।

(2) ये नियम 01 दिसंबर, 2016 से प्रवृत्त होंगे।

2. **लागू होना.-** ये नियम कारपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया से संबंधित मामलों में लागू होंगे।

3. **परिभाषाएं.-** इन नियमों में जब तक संदर्भ में अन्यथा अभिप्रेत न हो-

(क) "संहिता" से दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 से अभिप्रेत है;

(ख) "कारपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया" से इस संहिता के भाग-2 के अध्याय-2 के अधीन कारपोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया से अभिप्रेत है;

(ग) "ऋण सूचना कंपनी" का वही अर्थ होगा जो प्रत्यय विषयक जानकारी कंपनी (विनियमन) अधिनियम, 2005 (2005 का 30) के अधीन दिया गया है;

(घ) "वित्तीय संविदा" से कारपोरेट ऋणी और वित्तीय लेनदार के मध्य संविदा से अभिप्रेत है जिसमें ऋण की अवधि, देय ब्याज और वापसी की तारीख सहित वित्तीय ऋण की शर्तें दी गई हों;

(ङ) "प्ररूप" से इन नियमों के साथ संलग्न प्ररूप अभिप्रेत है;

(च) "पहचान संख्या" से कारपोरेट व्यक्ति की जैसा भी मामला हो, सीमित देयता भागीदारी पहचान संख्या या कारपोरेट पहचान संख्या, अभिप्रेत है।

(2) शब्द और अभिव्यक्तियों जो इसमें प्रयुक्त हैं परंतु परिभाषित नहीं की गई हैं उनके वही अर्थ होंगे जो संहिता में हैं।

4. वित्तीय लेनदार द्वारा आवेदन दिया जाना.- (1) वित्तीय लेनदार द्वारा इस संहिता की धारा 7 के अधीन किसी कारपोरेट ऋणी के विरुद्ध कारपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया शुरू करने के लिए स्वयं या संयुक्त रूप से प्ररूप-1 में आवेदन करेगा और इसके साथ भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (कारपोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियम, 2016 में यथापेक्षित और विनिर्दिष्ट दस्तावेज तथा अभिलेख लगाए जाएँगे।

(2) यदि आवेदक उप-नियम (1) के अधीन वित्तीय संविदा का समनुदेशिती या अंतरिती है तो आवेदन के साथ समनुदेशन या अंतरण करार की प्रति तथा समनुदेशन या अंतरण को दर्शाने वाले अन्य सुसंगत दस्तावेज की प्रति लगाई जाएगी।

(3) आवेदक न्यायनिर्णायक प्राधिकारी को फाइल किए गए आवेदन की एक प्रति कारपोरेट ऋणी के रजिस्ट्रीकृत कार्यालय रजिस्ट्रीकृत डाक या स्पीड पोस्ट द्वारा भेजेगा।

(4) यदि आवेदन वित्तीय लेनदारों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया हो तो वे उनकी ओर से कार्य करने के लिए किसी एक लेनदार को नामनिर्दिष्ट कर सकते हैं।

5. परिचालन लेनदार द्वारा मांग नोटिस.- (1) परिचालन लेनदार कारपोरेट ऋणी को निम्नलिखित दस्तावेज सौपेंगा, अर्थात् :-

(क) प्ररूप-3 में मांग नोटिस; या

(ख) प्ररूप-4 में नोटिस के साथ संलग्न बीजक की प्रति।

(2) इस संहिता की धारा 8 की उपधारा (2) में निर्दिष्ट भुगतान की मांग करने वाला मांग नोटिस या बीजक की प्रति कारपोरेट ऋणी को सौंपी जाएगी:

(क) अपेक्षित पावती के साथ दस्ती, रजिस्ट्रीकृत डाक या स्पीड पोस्ट द्वारा रजिस्ट्रीकृत कार्यालय में; या

(ख) कारपोरेट ऋणी के पूर्णकालिक निदेशक या पदाभिहित भागीदार या मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक, यदि हो को इलेक्ट्रोनिक मेल द्वारा।

(3) किसी परिचालन लेनदार द्वारा इस नियम के अधीन कोई मांग नोटिस या भुगतान की मांग करने वाले बीजक की एक प्रति सूचना उपयोगिता, यदि कोई हो, के साथ फाइल की जाएगी।

6. परिचालन लेनदार द्वारा आवेदन.- (1) परिचालन लेनदार द्वारा इस संहिता की धारा 9 के अधीन किसी कारपोरेट ऋणी के विरुद्ध कारपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया शुरू करने के लिए प्ररूप-5 में आवेदन करेगा और इसके साथ भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड कारपोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियम, 2016 में यथापेक्षित और यथाविनिर्दिष्ट दस्तावेज तथा अभिलेख लगाए जाएँगे।

(2) आवेदन उपनियम (1) के अधीन न्यायनिर्णायक प्राधिकारी को फाइल किए गए आवेदन की प्रति रजिस्ट्रीकृत डाक या स्पीड पोस्ट द्वारा कारपोरेट ऋणी के रजिस्ट्रीकृत कार्यालय में भेजेगा।

7. कारपोरेट आवेदक द्वारा आवेदन.- (1) कारपोरेट आवेदक द्वारा इस संहिता की धारा 10 के अधीन किसी कारपोरेट ऋणी के विरुद्ध कारपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया शुरू करने के लिए प्ररूप-6 में आवेदन करेगा और इसके साथ भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (कारपोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियम, 2016 में यथापेक्षित और यथाविनिर्दिष्ट दस्तावेज तथा अभिलेख लगाए जाएँगे।

(2) आवेदन उपनियम (1) के अधीन न्यायनिर्णायक प्राधिकारी को फाइल किए गए आवेदन की प्रति रजिस्ट्रीकृत डाक या स्पीड पोस्ट द्वारा कारपोरेट ऋणी के रजिस्ट्रीकृत कार्यालय में भेजेगा।

8. आवेदन वापस लेना.- न्यायनिर्णायक प्राधिकारी आवेदन स्वीकृत करने से पहले आवेदक द्वारा अनुरोध करने पर जैसा भी मामला हो, नियम 4, 6 या 7, के अधीन किया गया आवेदन वापस लेने की अनुमति दे सकता है।

IndiaCode

9. अंतरिम समाधान वृत्तिक.- (1) आवेदक यदि कोई दिवाला समाधान वृत्तिक नियुक्त करना आवश्यक समझे या प्रस्ताव करे तो वह अंतरिम समाधान वृत्तिक के रूप में नियुक्ति के लिए दिवाला वृत्तिक से प्ररूप-2 में एक लिखित संसूचना प्राप्त करेगा और इसे नियम, जैसा भी मामला हो जैसा भी मामला हो 4, 6 या 7 के अधीन किए गए आवेदन के साथ लगाएगा।

(2) उपनियम (1) के अधीन आवेदन के साथ भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (कारपोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियम, 2016 के अनुसरण में एक समाधान वृत्तिक के रूप में नियुक्ति हेतु प्रस्तावित दिवाला वृत्तिक की पात्रता की पुष्टि करने वाला एक प्रमाण पत्र देगा।

10. आवेदन फाइल करना और आवेदन फीस.- (1) संहिता के अधीन कार्रवाई संचालित करने की प्रक्रिया के नियम अधिसूचित होने तक इस संहिता की धारा 7 की उपधारा (1), धारा 9 की उपधारा (1) या धारा 10 की उपधारा (1) के अधीन किए जाने वाले आवेदन प्राधिकारी के समक्ष राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण नियम, 2016 के भाग-3 के नियम 20, 21, 22, 23, 24 और 26 के अनुसरण में फाइल किए जाएंगे।

(2) इन नियमों के अधीन कोई आवेदक पता चलने के तत्काल बाद कारपोरेट ऋणी के विरुद्ध प्रस्तुत किसी समापन याचिका के न्यायनिर्णायक प्राधिकारी को अधिसूचित करेगा।

(3) आवेदन के साथ अनुसूची में यथाविनिर्दिष्ट फीस संलग्न की जाएगी।

(4) यह आवेदन और इसके लगाए जाने वाले दस्तावेज न्यायनिर्णायक प्राधिकारी द्वारा उपलब्ध कराए जाने और यथाविहित इलेक्ट्रोनिक रूप से फाइल किए जाएंगे।

परंतु यह सुविधा उपलब्ध कराए जाने तक आवेदक साथ लगाए जाने वाले दस्तावेज और यदि वे ज्यादा हों तो इलेक्ट्रोनिक रूप में, स्कैन करके डाटा स्टोरेज डिवाइस में पठनीय सुवाह्य दस्तावेज प्रपत्र जैसे कॉम्पैक्ट डिस्क या यूएसबी फ्लैशड्राइव में भी न्यायनिर्णायक प्राधिकारी को प्रस्तुत कर सकता है।

IndiaCode

प्ररूप-1

[नियम 4 का उपनियम (1) देखें]

इस संहिता के अधीन कारपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया शुरू करने के लिए वित्तीय लेनदारों (लेनदारों) द्वारा दिया जाने वाला आवेदन

[दिवाला और शोधन अक्षमता (न्यायनिर्णायक प्राधिकारी को आवेदन) नियम, 2016 के नियम 1 के साथ पठित दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 की धारा 7 के अधीन]

तारीख .....

सेवा में,

राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण

[पता]

प्रेषक

[वित्तीय लेनदारों का नाम और रजिस्ट्रीकृत कार्यालय का पता]

के मामले में [कारपोरेट ऋणी का नाम]

विषय: दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 के अधीन [कारपोरेट ऋणी का नाम] के मामले में कारपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया प्रारंभ करने के लिए आवेदन

महोदय/महोदया,

[वित्तीय लेनदार (लेनदारों) का नाम], [कारपोरेट ऋणी का नाम] के मामले में कारपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया प्रारंभ करने के लिए यह आवेदन प्रस्तुत करते हैं। इस आवेदन के प्रयोजनों के लिए ब्यौरे निम्नलिखित प्रकार से हैं:

भाग-I

आवेदन की विशिष्टियां (आवेदन करने वाले प्रत्येक वित्तीय लेनदार की विशिष्टियां दी जाएं)		
1.	वित्तीय लेनदार का नाम	
2.	वित्तीय लेनदार के निगमन की तारीख	
3.	वित्तीय लेनदार की पहचान संख्या	
4.	वित्तीय लेनदार के रजिस्ट्रीकृत कार्यालय का पता	
5.	उसकी ओर से आवेदन प्रस्तुत करने के प्राधिकृत व्यक्ति का नाम और पता (प्राधिकार संलग्न करें)	
6.	भारत में निवास करने वाले व्यक्ति का नाम और पता जिसे उसकी ओर से आदेशिका की तामील स्वीकार करने के लिए प्राधिकृत किया गया है (प्राधिकार संलग्न करें)	

भाग-II

कारपोरेट ऋणी की विशिष्टियां		
1.	कारपोरेट ऋणी का नाम	
2.	कारपोरेट ऋणी की पहचान संख्या	
3.	कारपोरेट ऋणी के निगमन की तारीख	
4.	कारपोरेट ऋणी की नाममात्र शेयरपूंजी और समादत्त शेयरपूंजी तथा/अथवा संगम ज्ञापन के अनुसार गारंटी खंड के विवरण (जैसा कि लागू हो)	
5.	कारपोरेट ऋणी के रजिस्ट्रीकृत कार्यालय का पता	

IndiaCode

भाग-III

प्रस्तावित अंतरिम समाधान वृत्तिक की विशिष्टियां		
1.	प्रस्तावित अंतरिम समाधान वृत्तिक का नाम, पता, ई-मेल पता और रजिस्ट्रीकरण संख्या	

भाग-IV

वित्तीय ऋण की विशिष्टियां	
1.	प्रदान किए गए ऋण की कुल रकम वितरण की तारीख (तारीखें)
2.	राशि जिसके चूक होने का दावा किया गया है और ऐसी चूक होने की तारीख (रकम का आकलन करने और चूक की अवधि को तालिका स्वरुप में संलग्न करें)

भाग-V

वित्तीय ऋण की विशिष्टियां (चूक के दस्तावेज, अभिलेख और साक्ष्य)	
1.	धारित प्रतिभूति, यदि है, तो उसकी विशिष्टियां, इसे करने की तारीख, लेनदार के अनुसार उसका प्राक्कलित मूल्य कंपनी रजिस्ट्रार द्वारा जारी किए गए रजिस्ट्रीकरण प्रभार प्रमाण पत्र की एक प्रति संलग्न करें (यदि कारपोरेट ऋणी एक कंपनी है)
2.	चूक के संबंध में न्यायनिर्णायक न्यायालय, अधिकरण या मध्यस्थता पैनल के आदेश, यदि हो, की विशिष्टियां (आदेश की प्रति संलग्न करें)
3.	चूक, यदि है तो उसका रिकार्ड सूचना उपयोगिता में देना (ऐसे रिकार्ड की प्रति संलग्न करें)

4.	भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, 1925 (1925 का 10) के अधीन उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, या वसीयत का प्रोबेट या प्रशासन पत्र या न्यायालय की डिक्री के विवरण (प्रति संलग्न करें)
5.	वित्तीय संविदा की नवीनतम और पूर्ण प्रति जिसमें अब तक के सभी संशोधन और छूट दर्शायी गई है (प्रति संलग्न करें)
6.	किसी ऋण सूचना कंपनी के पास उपलब्ध चूक का रिकार्ड (प्रति संलग्न करें)
7.	बैंककार बही साक्ष्य अधिनियम, 1891 (1891 का 18) के अनुसरण में बैंककार बही में प्रविष्टियों की प्रतियां (प्रति संलग्न करें)
8	विद्यमान वित्तीय ऋण, उसकी रकम और चूक की तारीख प्रमाणित करने के लिए इस आवेदन के साथ लगाए गए अन्य दस्तावेजों की सूची

मैं अपनी जानकारी के अनुसार प्रमाणित करता हूँ कि (प्रस्तावित दिवाला वृत्तिक का नाम) पूर्णतया पात्र है और इसे दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 और इससे संबंधित नियमों और विनियमनों के अनुसरण में दिवाला वृत्तिक के रूप में कार्य करने की अनुमति दी गई है।

[वित्तीय लेनदार का नाम] ने इस आवेदन के लिए अपेक्षित फीस [भुगतान का माध्यम बताएं] का भुगतान [तारीख] को कर दिया है।

भवदीय,

वित्तीय लेनदार की ओर से कार्य करने के लिए प्राधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर
नाम (बड़े अक्षरो में)
वित्तीय लेनदार के साथ या संबंध में स्थिति
हस्ताक्षर करने वाले व्यक्ति का पता

निर्देश –

कृपया इस आवेदन के साथ निम्नलिखित संलग्न करें :-

उपाबंध– I इस आवेदन में निर्दिष्ट सभी दस्तावेजों की प्रतियां।

उपाबंध– II प्रस्तावित अंतरिम समाधान वृत्तिक द्वारा प्ररूप-2 में लिखित संसूचना

उपाबंध– III प्रमाण कि निर्दिष्ट आवेदन फीस का भुगतान कर दिया गया है।

उपाबंध– IV यदि आवेदन संयुक्त रूप से किया गया है तो इस प्ररूप में निर्दिष्ट विशिष्टियां संभी संयुक्त आवेदकों के संबंध में भेजी जाएं और वित्तीय लेनदार को सभी आवेदकों की ओर से इस आवेदन को फाइल करने और उस पर कार्रवाई करने के लिए प्राधिकार की प्रति लगाई जाए।

प्ररूप-2

[नियम 9 का उपनियम (1) देखें]

(दिवाला और शोधन अक्षमता (न्यायनिर्णायक प्राधिकारी को आवेदन) नियम, 2016 के नियम 9 के अधीन)

प्रस्तावित अंतरिम समाधान वृतिक द्वारा लिखित सूचना

(तारीख)

सेवा में,

राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण

(पता)

[प्रस्तावित अंतरिम समाधान वृतिक का नाम और रजिस्ट्रीकृत कार्यालय का पता]

[कारपोरेट ऋणी का नाम] के मामले में

IndiaCode

विषयः [कारपोरेट ऋणी का नाम] के संबंध में कारपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया की पहल के लिए आवेदन संबंधी लिखित संसूचना

महोदया/महोदय,

मुझे [प्रस्तावित अंतरिम समाधान वृतिक का नाम] [दिवाला वृतिक अभिकरण का नाम] में रजिस्ट्रीकृत एक दिवाला वृतिक जिसकी रजिस्ट्रीकरण संख्या [रजिस्ट्रीकरण संख्या] है, [आवेदक वित्तीय लेनदार का नाम] द्वारा [कारपोरेट ऋणी का नामा] के प्रस्तावित कारपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया के संबंध में अंतरिम समाधान वृतिक बनने का प्रस्ताव दिया गया है।

दिवालिया और शोधन अक्षमता (न्यायनिर्णायक प्राधिकारी को आवेदन) नियम, 2016 के नियम 9 के अनुसारः

i. अंतरिम समाधान वृतिक के रूप में यह नियुक्ति स्वीकार करता हूं यदि वर्तमान आवेदन की स्वीकृति में आदेश पारित हुआ है;

ii. यह उल्लेख करता हूं कि बोर्ड द्वारा मुझे आबंटित रजिस्ट्रीकरण संख्या (रजिस्ट्रीकरण संख्या अंतःस्थापित को) है और मैं वर्तमान में दिवाला वृतिक के रूप में कार्य करने के लिए पात्र हूं;

iii. यह प्रकट करता हूं कि मैं वर्तमान में एक अंतरिम समाधान वृतिक/समापक के रूप में कार्य कर रहा हूं;

iv. सूचना उपयोगिता यह प्रमाणित करता हूं कि बोर्ड या (उस दिवाला वृतिक अभिकरण का नाम, जिसका वह सदस्य है) की ओर से मेरे विरुद्ध किसी प्रकार की अनुशासनिक कार्यवाही लंबित नहीं है;

v. यह पुष्टि करता हूं कि मैं भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (कारपोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किसी कारपोरेट ऋणी कंपनी का समाधान वृतिक नियुक्त होने के लिए पात्र हूं;

vi. भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (दिवाला वृतिक) विनियम, 2016 में दी गई दिवाला वृतिक आचार संहिता के अनुसार निम्नलिखित प्रकटीकरण करता हूं;

(दिवाला वृतिक के हस्ताक्षर)

(बड़े अक्षरों में नाम)

(दिवाला वृतिक संस्था का नाम, यदि लागू हो)

(वैकल्पिक प्रमाणन, यदि आवेदक द्वारा इन नियमों के अधीन आवेदन करने के लिए अपेक्षित हो) मैं, यह प्रमाणित करता हूं कि आवेदक द्वारा वर्तमान आवेदन में प्रमाणित तथ्य सत्य, शुद्ध और संपूर्ण है और सुसंगत कारपोरेट ऋणी के संबंध में चूक हुई है। मैं निम्नलिखित नियमों और/या मतों के आधार पर इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूं।

(ब्यौरा दें)

(दिवाला वृतिक के हस्ताक्षर)

(बड़े अक्षरों में नाम)

(दिवाला वृतिक संस्था का नाम, यदि लागू हो)

प्ररूप-3

[नियम 5 के उपनियम (1) का खंड (क) देखें]

दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 के अधीन भुगतान की मांग के लिए मांग नोटिस/बीजक का प्ररूप

दिवाला और शोधन अक्षमता (न्याय निर्णायक प्राधिकारी को आवेदन) नियम, 2016 के नियम 5 के अधीन)

(तारीख .....)

सेवा में,

[कारपोरेट ऋणी कंपनी का नाम और रजिस्ट्रीकृत कार्यालय का पता)

द्वारा

(परिचालन लेनदार का नाम और रजिस्ट्रीकृत कार्यालय का पता)

विषयः संहिता के अधीन [कारपोरेट ऋणी] की ओर से देय अदत्त परिचालन ऋण के संबंध में भुगतान की मांग करने के लिए मांग नोटिस/बीजक।

महोदया/महोदय,

1. यह पत्र एक मांग नोटिस/बीजक है, जिसमें [कारपोरेट ऋणी का नाम] की ओर से देय अदत्त परिचालन ऋण के भुगतान की मांग की गई है।

2. अदत्त परिचालन ऋण का ब्यौरा निम्नलिखित हैः

परिचालन ऋण के ब्यौरे		
1.	ऋण की कुल रकम, वह संव्यवहार जिसका ऋण देय है, के ब्यौरे, और ऋण देय होने की तारीख	
2.	दावा की गई चूक की रकम और वह तारीख जब चूक हुई (सारणीबद्ध रूप से चूक की संगणना का कार्यकरण संलग्न करें)	
3.	प्रतिभूति के ब्यौरे, यदि कोई हो, इसके सृजन की तारीख और लेनदार के अनुसार इसका प्राक्कलित मूल्य से कंपनी रजिस्ट्रार द्वारा जारी प्रभार के रजिस्ट्रीकरण के प्रमाणपत्र की प्रति संलग्न करें (यदि कापोरेट देनदार एक कंपनी है)	
4.	वस्तुओं जिन पर परिचालन ऋण है के हककरारों (यदि कोई हो) के प्रतिधारण के ब्यौरे	
5.	सूचना उपयोगिता (यदि कोई हो) की चूक का अभिलेख	
6.	विधि संविदा या अन्य दस्तावेज जिसके अधीन ऋण देय है के उपबंध	
7.	परिचालन ऋण और चूक की रकम के अस्तित्व को साबित करने के उद्देश्य से किए गए आवेदन में संलग्न दस्तावेजों की सूची	

IndiaCode

3. यदि आप अदत्त परिचालन ऋण के अस्तित्व या रकम से असहमत है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को इस पत्र की प्राप्ति के दस दिनों के भीतर इस पत्र/सूचना की प्राप्ति के पूर्व दायर विवाद संबंधी मुकदमा या मध्यस्थता कार्यवाही की विचाराधीन के संबंध में जानकारी दें।

4. यह आप यह विश्वास करते हैं कि इस ऋण का भुगतान इस पत्र की प्राप्ति के पूर्व ही कर दिया गया है तो कृपया हमे इस पत्र के प्राप्ति के 10 दिनों के भीतर इस दायगी से संबंधित निम्नलिखित हमें भेजकर ऐसे पुनः भुगतान का प्रदर्शन करें:

(क) कारपोरेट ऋणी बैंक खाते से अदत्त रकम के इलेक्ट्रानिक अंतरण के अभिलेख की अनुप्रमाणित प्रति; या

(ख) (परिचालन लेनदार का नाम); जिसने रकम प्राप्त की है के किसी अभिलेख की अनुप्रमाणित प्रति

5. अधोहस्ताक्षरी सूचना उपयोगिता से यह पुष्टि करते हुए प्रमाणपत्र संलग्न करता है कि किसी भी व्यक्ति द्वारा सूचना उपयोगिता (यदि लागू हो) के किसी भी स्थान पर सुसंगत परिचालन ऋण संबंधी कोई विवाद अभिलेख नहीं कराया गया है।

6. अधोहस्ताक्षरी आपसे यह अनुरोध करता है कि आप इस पत्र की प्राप्ति के 10 दिनों के भीतर बिना किसी शर्तों के अदत्त परिचालन ऋण (जिसमें चूक हुई हो) का संपूर्ण रूप से पुनः भुगतान करे, ऐसा न करने पर हम (कारपोरेट ऋणी का नाम) के विरुद्ध कारपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया आरंभ करेंगे।

भवदीय,

परिचालन लेनदार की ओर से कार्य करने के लिए प्राधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर
बड़े अक्षरों में नाम
परिचालन लेनदार की या के संबंध में स्थिति
हस्ताक्षर करने वाले व्यक्ति का पता

अनुदेश:

1. कृपया संहिता की धारा 9 के अधीन आवेदन दायर करने से 10 दिन पूर्व कारपोरेट ऋणी को इस प्ररूप की एक प्रति दें ।

2. परिचालन लेनदार द्वारा न्यायनिर्णायक प्राधिकारी को किए आवेदन के साथ इस सूचना की प्रति संलग्न करें।

प्ररूप-4

[नियम 5 के उप नियम (1) का खंड (ख) देखें]

नोटिस का प्ररूप जिसके साथ भुगतान की मांग करने वाले बीजक संलग्न किए जाएंगे

दिवाला और शोधन अक्षमता (न्यायनिर्णायक प्राधिकारी को आवेदन) नियम, 2016 के नियम 5 के अधीन

तारीख

सेवा में,

[कारपोरेट ऋणी के रजिस्ट्रीकृत कार्यालय का नाम और पता]

विषयः भुगतान की मांग के बीजक के साथ संलग्न नोटिस है

महोदया/महोदय

[परिचालन लेनदार का नाम] भारतीय रुपयों में अदत्त रकम (रकम लिखें) के पुनःभुगतान के लिए नोटिस देता है जो चूक के अधीन है जो इस नोटिस के साथ संलग्न बीजक में दिखाया गया है।]

इस नोटिस की प्राप्ति के दस दिवस के भीतर आप द्वारा ऋण की पुनः अदायगी न करने की दशा में संहिता की धारा 9 के अधीन कारपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया आरंभ करने के लिए न्यायनिर्णायक प्राधिकारी के समक्ष आवेदन दायर कर सकते हैं।

आपका

परिचालन लेनदार की ओर से कार्य करने के लिए प्राधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर
बड़े अक्षरों में नाम
परिचालन लेनदार की या के संबंध में स्थिति
हस्ताक्षर करने वाले व्यक्ति का पता

प्ररूप-5

[नियम 6 का उप नियम (1) देखें]

संहिता के अधीन कारपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया शुरू करने के लिए प्रचालन लेनदार द्वारा आवेदन

दिवाला और शोधन अक्षमता (न्यायनिर्णायक प्राधिकारी को आवेदन) नियम, 2016 के नियम 6 के अधीन)

सेवा में,

राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण

(पता)

द्वारा

(परिचालन लेनदार के पत्राचार के लिए नाम और पता)

(कारपोरेट ऋणी का नाम) के मामलें में

विषयः दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 के अधीन कारपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया आरंभ करने के लिए आवेदन

महोदया/महोदय

IndiaCode

(परिचालन लेनदार का नाम) कारपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (कारपोरेट ऋणी का नाम) के मामले में कारपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया आरंभ करने के लिए आवेदन प्रस्तुत करता हूं। इस आवेदन के उद्देश्य हेतु विवरण नीचे दिए गए हैं:

भाग-1

आवेदक का विवरण		
1.	परिचालक लेनदार का नाम	
2.	परिचालक लेनदार की पहचान संख्या (यदि कोई)	
3.	परिचालन लेनदार के पत्राचार का पता	

भाग-2

कारपोरेट ऋणी का विवरण		
1.	कारपोरेट ऋणी का नाम	
2.	कारपोरेट ऋणी की पहचान संख्या	
3.	कारपोरेट ऋणी के निगमन की तारीख	
4.	कारपोरेट ऋणी की नाममात्र शेयर पूंजी और समादत्त शेयर पूंजी और/या संगम ज्ञापन के अनुसार गारंटी खंड (जैसा लागू हो)	
5.	कारपोरेट ऋणी के रजिस्ट्रीकृत कार्यालय का पता	
6.	परिचालनक लेनदार की ओर से आवेदन प्रस्तुत करने वाले व्यक्ति का नाम, पता और प्राधिकार (प्राधिकार पत्र संलग्न करे)	
7.	भारत में निवास करने वाले व्यक्ति का नाम और पता जो इसकी ओर से आदेशिका की तामील के लिए प्राधिकृत है। (प्राधिकार पत्र संलग्न करें)	

भाग-3

प्रस्तावित अंतरिम समाधान वृतिक का विवरण **(यदि प्रस्तावित हो)**		
1.	नाम पता, ई-मेल पता और प्रस्तावित दिवाला वृतिक की रजिस्ट्रीकरण संख्या	

भाग-4

परिचालन ऋण के विवरण		
1.	ऋण की कुल रकम संव्यवहार का विवरण जिसके कारण ऋण देय हुआ और तारीख जिससे ऐसा ऋण देय हुआ।	
2.	चूक में दावा की गई रकम और तारीख जिस पर चूक उत्पन्न हुई (रकम की संगणना का कार्यकरण और चूक की तारीख तालिका रूप में संलग्न करें)	

भाग-5

परिचालक ऋण के विवरण (दस्तावेज, अभिलेख और चूक के प्रमाण)	
1.	धारति प्रतिभूति के विवरण, यदि कोई हो, इसके सृजन की तारीख, लेनदार के अनुसार प्राक्कलित मूल्य कंपनी रजिस्ट्रार द्वारा जारी प्रभार के रजिस्ट्रीकरण के प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करें (यदि कारपोरेट ऋणी कंपनी है)

IndiaCode

2.	वस्तुओं के संबंध में हककरारों (यदि कोई हो) का आरक्षण/प्रतिधारण का विवरण जो कारपोरेट ऋण करने को निर्दिष्ट करता है।
3.	चूक पर न्यायनिर्णायक न्यायालय, अधिकरण या मध्यस्थता पैनल के आदेश यदि कोई हो, की विशिष्टियां आदेश की प्रति संलग्न करें ।
4.	सूचना उपयोगिता के साथ चूक का अभिलेख, यदि कोई हो (ऐसे अभिलेख की प्रति संलग्न करें)
5.	भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, 1925 (1925 का 10) के अधीन उत्तराधिकार प्रमाण पत्र या वसीयत का प्रोबेट या प्रशासन पत्र या न्यायालय डिक्री (जैसा भी लागू हो) के ब्यौरे (प्रति संलग्न करें)
6.	विधि के उपबंध, संविदा या अन्य दस्तावेज जिसके अधीन प्रचालन ऋण देय हुआ है।
7.	बैंक खाते का विवरण जहां जमाएं की जाती हैं या सामान्यतः परिचालन लेनदार द्वारा कारपोरेट ऋणी द्वारा ऋण प्राप्त होता है (प्रति संलग्न करें)
8.	परिचालन ऋण और चूक की विद्यमानता को साबित करने के क्रम में इस आवेदन के साथ संलग्न अन्य दस्तावेजों की सूची

मैं [परिचालन लेनदार/परिचालन लेनदार की ओर से कृत्य करने के लिए प्राधिकृत व्यक्ति] सत्यापित करता हूं कि मेरी जानकारी में [प्रस्तावित दिवाला वृतिक का नाम] पूर्ण रूप से दिवाला वृतिक के रूप में संहिता और इसके अधीन बने नियमों और विनियमों (जहां लागू हो) के अनुसार कार्य करने के लिए अर्हक और अनुज्ञात है।

[परिचालन लेनदार का नाम] ने अपेक्षित शुल्क इस आवेदन हेतु

[भुगतान का तरीका लिखे] ..... तारीख को अदा कर दिया है।

आपका

परिचालन लेनदार की ओर से कार्य करने के लिए प्राधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर
बड़े अक्षरों में नाम
परिचालन लेनदार की या के संबंध में स्थिति
हस्ताक्षर करने वाले व्यक्ति का पता

अनुदेश

इस आवेदन के साथ निम्नलिखित संलग्न करें

उपाबंध I बीजक/मांग नोटिस की प्रति जो प्ररूप 3 दिवाला और शोधन अक्षमता (न्याय निर्णायक प्राधिकारी को आवेदन) नियम, 2016 में दिया गया है जो कारपोरेट ऋणी को तामील किया गया है।

उपाबंध II इस आवेदन में निर्दिष्ट सभी दस्तावेजों की प्रतियां

उपाबंध III बैंकों/वित्तीय संस्थाओं के सुसंगत खातों की प्रतियां जो परिचालन लेनदार के खातों का अनुरक्षण करती है यह पुष्टि हेतु कि परिचालन ऋणी द्वारा कोई सुसंगत अदत्त परिचालन ऋण का भुगतान नहीं करता है (यदि उपलब्ध हो)

उपाबंध IV दिवाला और शोधन अक्षमता (न्यायनिर्णायक प्राधिकारी को आवेदन) नियम, 2016 के अनुसरण में आवेदन के समर्थन में शपथपत्र

उपाबंध V प्रस्तावित अंतरिम समाधान वृतिक का लिखित संसूचना जैसी प्ररूप 2 दिवाला और शोधन अक्षमता (न्यायनिर्णायक प्राधिकारी को आवेदन) नियम, 2016 (जहां लागू हो) में दिया गया है।

उपाबंध VI प्रमाण कि विनिर्दिष्ट आवेदन शुल्क अदा कर दिया गया है।

टिप्पणः जहां कर्मकार/कर्मचारी परिचालन लेनदार है वहां आवेदन या तो व्यक्तिगत रूप से या सामूहिक रूप से उनमें से एक द्वारा की जा सकती है जो इस प्रयोजन के लिए सम्यक रूप से प्राधिकृत है।

प्ररूप-6

[नियम 7 का उप-नियम (1) देखें]

कारपोरेट आवेदक द्वारा संहिता के अधीन कारपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया प्रारंभ करने के लिए आवेदन

(दिवाला और शोधन अक्षमता (न्यायनिर्णायक प्राधिकारी को आवेदन) नियम, 2016 के नियम 7 के अधीन)

[तारीख]

सेवा में,

राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण

[पता]

प्रेषक,

[*पत्राचार के लिए कारपोरेट आवेदक का नाम और पता*]

[कारपोरेट ऋणी का नाम] के मामले में

विषय : संहिता के अधीन [कारपोरेट ऋणी का नाम] के संबंध में कारपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया आरंभ करने हेतु आवेदन

महोदया/महोदय,

हम, *[कारपोरेट ऋणी का नाम]* के संबंध में एक दिवाला समाधान प्रक्रिया आरंभ करने के लिए यह आवेदन प्रस्तुत करते हैं। इस आवेदन के उद्देश्य के लिए ब्यौरा नीचे दिया गया है :

भाग-I

कारपोरेट आवेदक की विशिष्टियां		
1.	कारपोरेट आवेदक का नाम, पता, ई-मेल पता, पहचान संख्या और संसूचना के लिए पता	
2.	कारपोरेट ऋणी का नाम, पता, ई-मेल पता, पहचान संख्या और रजिस्ट्रीकृत कार्यालय का पता	
3.	कारपोरेट ऋणी के सभी निदेशकों, प्रवर्तकों, पदाभिहित भागीदारों के नाम और पते (जैसा लागू है)	
4.	कारपोरेट ऋणी की निगमन की तारीख	
5.	संगम ज्ञापन के अनुसार कारपोरेट ऋणी की नाममात्र शेयरपूंजी और समादत्त शेयरपूंजी और/या गारंटी खंड के ब्यौरे (जैसा लागू है)	
6.	कारपोरेट आवेदक की ओर से आवेदन प्रस्तुत करने वाले व्यक्ति का नाम, पता और प्राधिकार (प्राधिकार संलग्न करें)	
7.	उसकी ओर से आदेशिका की तामील के लिये भारत में निवास कर रहे प्राधिकृत व्यक्ति का नाम और पता (प्राधिकार संलग्न करें)	

IndiaCode

8.	यह दर्शाने के लिए प्रलेखीकरण करना कि कारपोरेट आवेदक कारपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया शुरू करने के लिए प्राधिकृत है।	

भाग-II

प्रस्तावित अंतरिम समाधान वृत्तिक की विशिष्टियां		
1.	प्रस्तावित अंतरिम समाधान वृत्तिक का नाम, पता, इ-मेल पता और रजिस्ट्रीकरण संख्या	

भाग-III

वित्तीय/परिचालन ऋण की विशिष्टियां [लेनदार-वार, जैसा लागू है]		
1.	वित्तीय/परिचालन लेनदार (लेनदारों) का/के नाम	
2.	वित्तीय/परिचालन लेनदार (लेनदारों) का पत्र व्यवहार का पता	
3.	लिया गया कुल ऋण और चूक की राशि	
4.	वह तारीख, जब वित्तीय/वरिचालन ऋण लिया गया था।	
5.	धारित प्रतिभूति, यदि कोई है, की विशिष्टियां, इसके सृजन की तारीख, लेनदार के अनुसार इसका प्राक्कलित मूल्य। कंपनी रजिस्ट्रार द्वारा जारी किए गए प्रभार के रजिस्ट्रीकरण के प्रमाणपत्र की एक प्रति संलग्न करें (यदि कंपनी कारपोरेट ऋणी है तो)।	
6.	उन वस्तुओं के संबंध में हक करारों (यदि कोई है तो) के प्रतिधारण के ब्यौरे, जिसे परिचालन ऋणी निर्दिष्ट करता है।	
7.	सूचना उपयोगिता में चूक का रिकॉर्ड, यदि कोई है तो	
8.	वित्तयी/परिचालन ऋण और चूक की रकम को साबित करने के लिए इस आवेदन में संलग्न दस्तावेजों की सूची।	

मैं, मेरी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार प्रमाणित करता हूं कि संहिता और सहायक नियमों और विनियमों के अनुसरण में [प्रस्तावित दिवाला वृत्तिक का नाम] एक दिवाला वृत्तिक के रूप में कार्य करने के लिए पूर्ण रूप से योग्य है और इसको अनुमति दी जाती है।

[कारपोरेट आवेदक के नाम] ने [तारीख] को [भुगतान का साधन बताएं] के माध्यम से इस आवेदन के लिए अपेक्षित शुल्क का भुगतान कर दिया है।

भवदीय,

कारपोरेट आवेदक की ओर से कार्य करने के लिए प्राधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर
नाम स्पष्ट अक्षरों में
कारपोरेट आवेदक के साथ या संबंधित पद
हस्ताक्षरकर्ता का पता

IndiaCode

अनुदेश –

कृपया इस आवेदन के साथ निम्नलिखित संलग्न करें :

उपाबंध I वित्तीय ऋण के मामले में सूचना उपयोगिता के माध्यम से प्राप्त चूक का रिकार्ड या इस आवेदन के भाग III की क्रम संख्या 8 में सूचीबद्ध सभी दस्तावेज।

उपाबंध II परिचालन ऋण के मामले में; (i) किसी परिचालन लेनदार द्वारा कारपोरेट ऋणी को दिए गए बीजक/मांग नोटिस की प्रति और (ii) सूचना उपयोगिता के माध्यम से प्राप्त चूक का रिकार्ड या इस आवेदन के भाग III की क्रम संख्या 8 में सूचीबद्ध सभी दस्तावेज।

उपाबंध III दिवाला और शोधन अक्षमता (न्यायनिर्णायक प्राधिकारी को आवेदन) नियम, 2016 के प्ररूप-2 में प्रस्तावित अंतरिम समाधान वृत्तिक द्वारा लिखित संसूचना।

उपाबंध IV लेनदारों की चूक का साक्ष्य देने वाली कारपोरेट ऋणी की सुसंगत लेखा-पुस्तकों की प्रति।

उपाबंध V कारपोरेट ऋणी के पिछले दो वित्तीय वर्षों के लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों की प्रतियां और चालू वित्तीय वर्ष का, जो आवेदन की तारीख से चौदह दिनों से पूर्व तक का हो, तैयार किए गए अस्थायी वित्तीय विवरण की प्रतियां।

उपाबंध VI आवेदन की तारीख से चौदह दिनों तक के मामलों का विवरण, जिसमें निम्नलिखित दस्तावेज सम्मिलित हैं, अर्थात् -

(क) कारपोरेट ऋणी की आस्तियों और देयताओं एक सूची, जो ऐसे प्रवर्गों में विभाजित की गई हो कि प्रत्येक प्रवर्ग को समनुदेशित प्राक्कलित मूल्य के साथ आसान पहचान करने के लिए समुचित हो;

(ख) किसी संपत्ति, जिसमें कारपोरेट ऋणी के विरूद्ध पूर्णतः या आंशिक रूप से कोई दावा प्रतिभूत हो, के मामले में दावे और इसकी रकम और प्रतिभूति किस तरह और कब तैयार की गई का ब्यौरा;

(ग) कारपोरेट ऋणी के वित्तीय लेनदारों और परिचालन लेनदारों के नाम और पते, उनके पास बकाया राशि सहित;

(घ) कारपोरेट ऋणी पर या इससे संबंधित किसी व्यक्ति द्वारा किसी ऋण की की विशिष्टियां;

(ङ) क्या अन्य व्यक्तियों द्वारा कारपोरेट ऋणी के ऋणों के संबंध में कोई गारंटी दी गई है, उल्लेख करें कि कौन सा गारंटीकर्ता, यदि कोई है तो, कारपोरेट ऋणी या कारपोरेट आवेदक का कोई संबंधित पक्षकार है; और

(च) कारपोरेट ऋणी के सदस्यों और पक्षकारों, जैसा भी मामला हो, के नाम और पते उनकी क्रमशः शेयरधारिता के ब्यौरे सहित।

उपाबंध VII निम्नलिखित की एक प्रतिलिपि :

(क) यदि कारपोरेट आवेदक कारपोरेट ऋणी का कोई सदस्य है या भागीदार है तो यह आवेदन करने के लिए कारपोरेट आवेदक के प्राधिकरण को रिकार्ड करने वाले किसी सांविधिक दस्तावेज या शेयरधारकों के करारों का सुसंगत उद्धरण; या

(ख) यदि कारपोरेट आवेदक कारपोरेट ऋणी के कार्यों और स्रोतों का प्रभारी प्रबंधक व्यक्ति है या कारपोरेट ऋणी के वित्तीय मामलों पर नियंत्रण एवं पर्यवेक्षण रखता है तो किसी रोजगार करार, सांविधिक दस्तावेज या इस आवेदन को करने के लिए कारपोरेट आवेदक के प्राधिकरण की पुष्टि करते हुए कंपनी रजिस्ट्रार को की गई फाइलिंग का सुसंगत उद्धरण।

उपाबंध VIII दिवाला और शोधन अक्षमता (न्यायनिर्णायक प्राधिकारी को आवेदन) नियम, 2016 के अनुसरण में आवेदन के समर्थन में शपथ-पत्र।

उपाबंध IX विनिर्दिष्ट आवेदन शुल्क को चुकाए जाने का सबूत।

अनुसूची

[नियम 10 का उप-नियम (3) देखें]

क्र. सं.	आवेदक	देय शुल्क (रु. में)
1.	वित्तीय लेनदार (अकेला या संयुक्त रूप से)	25000
2.	परिचालन लेनदार द्वारा आवेदन	2000
3.	कारपोरेट ऋणी द्वारा आवेदन	25000

[फा. सं. 30/10/2016-दिवाला]

अमरदीप सिंह भाटिया, संयुक्त सचिव

MINISTRY OF CORPORATE AFFAIRS

NOTIFICATION

New Delhi, the 30th November, 2016

G.S.R. 1108(E).—In exercise of the powers conferred by clauses (c), (d), (e) and (f) of sub-section (1) of section 239 read with sections 7, 8, 9 and 10 of the Insolvency and Bankruptcy Code, 2016 (31 of 2016), the Central Government hereby makes the following Rules, namely-

1. **Short title and commencement.—**(1) These rules may be called the Insolvency and Bankruptcy (Application to Adjudicating Authority) Rules, 2016.

(2) They shall come into force from the 1st day of December, 2016.

2. **Application.—**These Rules shall apply to matters relating to the corporate insolvency resolution process.

3. **Definitions.—**(1) In these Rules, unless the context otherwise requires,-

(a) "Code" means the Insolvency and Bankruptcy Code, 2016 (31 of 2016);

(b) "corporate insolvency resolution process" means the insolvency resolution process for corporate persons under Chapter II of Part II of the Code;

(c) "credit information company" shall have the meaning as assigned to it under the Credit Information Companies (Regulation) Act, 2005 (30 of 2005);

(d) "financial contract" means a contract between a corporate debtor and a financial creditor setting out the terms of the financial debt, including the tenure of the debt, interest payable and date of repayment;

(e) "Form" means a Form appended to these rules;

(f) "identification number" means the limited liability partnership identification number or the corporate identity number, as the case may be, of the corporate person;

(g) "Schedule" means the Schedule appended to these rules.

(2) All the words and expressions used herein and not defined shall have the meanings respectively assigned to them under the Code.

4. **Application by financial creditor.—**(1) A financial creditor, either by itself or jointly, shall make an application for initiating the corporate insolvency resolution process against a corporate debtor under section 7 of the Code in Form 1, accompanied with documents and records required therein and as specified in the Insolvency and Bankruptcy Board of India (Insolvency Resolution Process for Corporate Persons) Regulations, 2016.

(2) Where the applicant under sub-rule (1) is an assignee or transferee of a financial contract, the application shall be accompanied with a copy of the assignment or transfer agreement and other relevant documentation to demonstrate the assignment or transfer.

(3) The applicant shall dispatch forthwith, a copy of the application filed with the Adjudicating Authority, by registered post or speed post to the registered office of the corporate debtor.

IndiaCode

(4) In case the application is made jointly by financial creditors, they may nominate one amongst them to act on their behalf.

5. Demand notice by operational creditor.—(1) An operational creditor shall deliver to the corporate debtor, the following documents, namely.-

(a) a demand notice in Form 3; or

(b) a copy of an invoice attached with a notice in Form 4.

(2) The demand notice or the copy of the invoice demanding payment referred to in sub-section (2) of section 8 of the Code, may be delivered to the corporate debtor,

(a) at the registered office by hand, registered post or speed post with acknowledgement due; or

(b) by electronic mail service to a whole time director or designated partner or key managerial personnel, if any, of the corporate debtor.

(3) A copy of demand notice or invoice demanding payment served under this rule by an operational creditor shall also be filed with an information utility, if any.

6. Application by operational creditor.—(1) An operational creditor, shall make an application for initiating the corporate insolvency resolution process against a corporate debtor under section 9 of the Code in Form 5, accompanied with documents and records required therein and as specified in the Insolvency and Bankruptcy Board of India (Insolvency Resolution Process for Corporate Persons) Regulations, 2016.

